# BSL Ltd.

REGD. OFFICE: Post Box No. 16-17
Mandpam, Bhilwara - 311001 (Rajasthan) INDIA
Tel. : (91-1482) 245000
E-mail: accounts@bslsuitings.com, Website : www.bslltd.com
CIN : L24302RJ1970PLC002266

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

www.bslltd.com


REF: BSL/CS/2025-26
Dated: 25/07/2025

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd**<br>Listing Department<br>Exchange Plaza<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>Mumbai- 400 051<br>**NSE Symbol: BSL** | **BSE Ltd**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai- 400001<br><br><br>**BSE Scrip Code: 514045** |

**Subject: Submission of Newspaper Publication - Notice of 54th Annual General Meeting**

Dear Sir/Ma'am,

In terms of Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed the copies of newspapers advertisement regarding completion of dispatch of Annual Report and Notice of 54th Annual General Meeting through electronic mode published in "The Financial Express" in English language and in "Dainik Navjyoti" in Hindi language.

The Public Notice is also available on the Company's website www.bslltd.com.

Kindly take the same on record.

Thanking you,

Yours Faithfully
For **BSL Limited**

Shubham Jain
Digitally signed by Shubham Jain
Date: 2025.07.25 11:45:42 +05'30'

**(Shubham Jain)**
**Company Secretary**
**ACS-49973**
**Enc: a/a**

स्थापना शताब्दी वर्ष



# आरएसएस के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख ने की चौधरी से मुलाकात

**अजमेर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख योगेन्द्र कुमार ने गुरुवार को दैनिक नवज्योति के प्रधान सम्पादक दीनबंधु चौधरी से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। यह वर्ष संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है। शताब्दी वर्ष पर संघ 'पंच परिवर्तन' के साथ काम करेगा। यह पंच परिवर्तन सामाजिक समसरता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व आधारित जीवनशैली और नागरिक कर्तव्य हैं। संघ के स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर इन पंच परिवर्तन पर आमजन से चर्चा करेंगे। क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख ने चौधरी को संघ पर आधारित दो पुस्तकें भेंट कीं।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश गृहकार्य प्रदर्शनी का आयोजन

कासं/अजमेर।

प्रेसीडेंसी स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश गृहकार्य की प्रदर्शनी का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ग्रीष्मकालीन गृहकार्य को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को उजागर करना था, बल्कि उनके सीखने के परिणाम (लर्निंग आउटकम्स) को अभिभावकों और शिक्षकों के सामने प्रस्तुत करना भी था।



कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथि उमेश भार्गव ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं मेहनत की सराहना की। इस मौके पर इंटरहाउस फुटबॉल मैच का भी शुभारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न हाउसों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। डॉ. विनोद कुमार जैन और डॉ. माला जैन ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सुझाए गए शुगर बोर्ड का उद्घाटन किया। डायरेक्टर गरिमा सिंघवी के अनुसार शिक्षा में रचनात्मकता और नवीनता का होना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है। प्राचार्य ए.पी.शर्मा ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और दिशा देने में सफल होगी। स्कूल में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में पौधरोपण भी किया गया।

# इनविटेशनल क्विज में जयपुर की केम्ब्रिज हाई स्कूल विजेता

**मयूर स्कूल में तीन दिवसीय मयूर इनविटेशनल इंटर स्कूल इंग्लिश डिबेट एवं क्विज शुरू, देशभर के 18 प्रतिष्ठित स्कूलों के 85 प्रतिभागी ले रहे भाग**

कासं/अजमेर।



मयूर स्कूल में तीन दिवसीय मयूर इनविटेशनल इंटर स्कूल इंग्लिश डिबेट एवं क्विज प्रतियोगिता 2025 गुरुवार को मेयो कॉलेज जनरल काउंसिल की सहयोग समिति के अध्यक्ष प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वेश नायडू के मुख्यातिथ्य में शुरू हुई।

पहले दिन इनविटेशनल क्वीज का आयोजन किया गया, जो बुद्धि और त्वरित सोच पर आधारित थी। इसमें विभिन्न राउंड्स हुए। जिसमें विज्ञान, भूगोल, साहित्य एवं समसामयिक विषय शामिल थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद 18 टीमों में से 6 टीमों ने फाइनल राउंड में जगह बनाई। इसमें मेयो कॉलेज, सिंधिया स्कूल, केम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल जयपुर, जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल जयपुर, भारतीय विद्या भवन स्कूल जयपुर एवं मयूर स्कूल शामिल थी। फाइनल राउंड में केम्ब्रिज हाई स्कूल जयपुर के धैर्य एवं वैभव विजेता तथा जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल जयपुर के आदित्य एवं युवराज तथा सिंधिया स्कूल ग्वालियर के चिराग एवं सहज उपविजेता रहे।

### प्रतियोगिता से तार्किकता और विवेक की परख

कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. नायडू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां विद्यार्थियों में भाषा-सम्प्रेषण की क्षमता में वृद्धि होती है वहीं तार्किकता, दूरदृष्टि तथा विवेक की परख भी होती है। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इससे पूर्व स्कूल के प्राचार्य संजय खाती ने उनका स्वागत किया। प्रतियोगिता के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को विभिन्न सत्रों में इनविटेशनल डिबेट का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह होगा। उल्लेखनीय है प्रतियोगिता में देशभर के 18 प्रतिष्ठित स्कूलों के 85 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

## आज यहां लगेंगे शिविर

कासं/अजमेर।

जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे शिविरों की कड़ी में शुक्रवार को हाथीखेड़ा, अराई की ढसुक, श्रीनगर की कानपुरा, सरवाड़ पंचायत समिति की चांदमा पंचायत में शिविर आयोजित होंगे। शिविर में जन धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे।



# स्टूडेन्ट काउंसिल का गठन, शपथ दिलाई

कासं/अजमेर।

धोलाभाटा स्थित सेन्ट जोसफ स्कूल में गुरुवार को इनवेस्टीचर सेरेमनी द्वारा स्टूडेन्ट काउंसिल का गठन किया गया। इसके अन्तर्गत स्कूल हेड बॉय, हेड गर्ल तथा सदन कप्तान व उपकप्तानों तथा मोनिटर्स को शपथ दिलाई गई।

प्रधानाचार्य राजेश बैप्टिस्ट के अनुसार हेड बॉय मयंक कुमार व हेड गर्ल निमिषा ढलवाल के साथ रणथम्भौर हाउस से अनुराग चौधरी व कृष्णा बड़जातिया ने, मेहरानगढ़ हाउस से दिव्यांश पंवार व गर्विता सिंगोदिया ने, चित्तौड़गढ़ हाउस से हर्ष राठौड़ व अंजलि मधुकर तथा कुम्भलगढ़ हाउस से दिव्या तोमर व लक्षित निमोडिया ने कप्तान व उपकप्तान की शपथ ली। प्रधानाचार्य बैप्टिस्ट ने शपथ दिलाई तथा बैच व सदन ध्वज देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा मोनिटर्स को भी शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पा जोन शाला प्रशासिका, अनूप माथुर, उपप्रधानाचार्य उषा राहुला, प्रधानाध्यापक प्राथमिक महेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 31 को

कासं/अजमेर।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 31 जुलाई को सांय 5 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने दी।

## हरियालो राजस्थान मिशन की बैठक आज

कासं/अजमेर।

हरियालो राजस्थान मिशन के अन्तर्गत हरियाली तीज के अवसर पर 9 लाख पौधरोपण करवाने के सम्बन्ध में शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे जिला परिषद सभागार में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामप्रकाश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी।

# 11 हजार किसानों के खेतों पर हुए कृषि कनेक्शन

कासं./अजमेर।

राज्य के किसानों को कृषि कनेक्शन देने में अजमेर डिस्कॉम प्रदेश में अग्रणी है। डिस्कॉम ने वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 11 हजार से ज्यादा किसानों को कृषि कनेक्शन जारी किए हैं। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने किसानों को बिजली कनेक्शन जारी करने में प्रगति करते हुए प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून) में कुल 11004 कनेक्शन जारी कर 14 जिलों के किसानों को लाभान्वित किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डिस्कॉम प्रबंधन को किसानों को जल्द से जल्द कृषि कनेक्शन जारी करने के निर्देश दे रखे हैं। उसके पश्चात डिस्कॉम अभियंताओं ने रफ्तार से सर्वाधिक कृषि कनेक्शन सीकर में 2610 तथा भीलवाड़ा में 1617 जारी किए गए है।

प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल माह से जून माह की अवधि के दौरान जारी कृषि कनेक्शन की प्रगति में निगम के सीकर व भीलवाड़ा सर्किल आगे है। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार की मंशा के अनुसार अजमेर विद्युत वितरण निगम किसानों को कृषि कनेक्शन जारी करने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। वर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान अभी तक निगम ने अजमेर सर्किल में 721, ब्यावर में 353, भीलवाड़ा में 1617, नागौर में 208, डीडवाना में 255, झुंझुनूं में 1096, सीकर में 2610, बांसवाड़ा में 281, डूंगरपुर में 606, चित्तौड़गढ़ में 1015, प्रतापगढ़ में 544, राजसमंद में 706, सलूम्बर में 193 तथा उदयपुर सर्किल में 800 कृषि कनेक्शन जारी किए गए हैं।

# जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के चलते रेल यातायात रहेगा प्रभावित

कासं/ अजमेर।

जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। इसके तहत जयपुर यार्ड में एयर कोनकोर्स फेज 1 व 2 कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इससे कई ट्रेन आंशिक रद्द और रीशेड्यूल रहेगी। ऐसे में रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

### आंशिक रद्द

- 12991, उदयपुर सिटी-जयपुर ट्रेन जो 30 सितम्बर, 1, 4, 5, 7 व 8 अक्टूबर को (6 ट्रिप) उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी, वह ट्रेन अजमेर तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेल सेवा अजमेर-जयपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- 12992, जयपुर- उदयपुर सिटी 30 सितम्बर और 1, 4, 5, 7 व 8 अक्टूबर को (6 ट्रिप) जयपुर के स्थान पर अजमेर से प्रस्थान करेगी। यानी ये ट्रेन जयपुर-अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- 22175, नागपुर-जयपुर जो 2 व 9 अक्टूबर को (2 ट्रिप) नागपुर से प्रस्थान करेगी वह ट्रेन अजमेर तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन अजमेर-जयपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- 22176, जयपुर-नागपुर जो 3 व 10 अक्टूबर को (2 ट्रिप) जयपुर के स्थान पर अजमेर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन जयपुर-अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### रीशेड्यूल ट्रेन

- 17019, हिसार-हैदराबाद 30 सितम्बर को हिसार से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी।

### रेगुलेट ट्रेन

- 17019, हिसार-हैदराबाद जो 16 सितम्बर को हिसार से प्रस्थान करेगी वह ढेहर का बालाजी पर 20 मिनट रेगुलेट रहेगी।




# हेपेटाइटिस से किया स्कूली विद्यार्थियों को सचेत

**अजमेर।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम भारत सरकार के तत्वावधान में राजकीय जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएमएचओ एवं रोटरी क्लब अजमेर मेट्रो के सहयोग से विश्व हेपेटाइटिस-डे के उपलक्ष्य में जन चेतना अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर हेपेटाइटिस क्लिनिक नेहरू चिकित्सालय के नोडल अधिकारी डॉ. मुनेश मीना ने बताया कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आज पांच विद्यालयों में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एचकेएच स्कूल वैशाली नगर, हरि सुन्दर स्कूल, स्वामी सर्वानंद स्कूल, आदर्श विद्यालय, संत कंवरराम स्कूल के कक्षा 10 से 12 के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर हेपेटाइटिस रोग के कारण एवं बचाव विषय पर पोस्टर बनाए। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ. गीता परिहार का विशेष सहयोग रहा। नेहरू चिकित्सालय के एनवीएचसीपी एम.ओ. आईसी एवं क्लब अध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना चंदवानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं प्रत्येक स्कूल से तीन-तीन छात्र प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के आधार पर 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस डे के अवसर पर पुरस्कृत किए जाएंगे। प्रतियोगिता में क्लब सचिव सोनिया लख्यानी, डॉ. जे.पी. नारायण, डॉ. मुकेश गोयल, यतीश अग्रवाल, दयाल परियानी, मधुश चौधरी, एम.टी. वाधवानी इत्यादि ने सहयोग किया।




## नरेन्द्र कुमार आरपीएससी मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग मंत्रालयिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। अध्यक्ष पद पर नरेन्द्र कुमार बलारा को विजयी घोषित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र उदय ने बताया कि मतदान में नरेन्द्र कुमार ने 62 मत प्राप्त किए। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी शिवराज रावत को 49 मत मिले। चुनाव में एक मत निरस्त भी हुआ। नरेन्द्र कुमार ने आयोग के अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्मिकों के हितों के प्रति सतत रूप से कार्य करने तथा शीघ्र कार्यकारिणी का गठन करने की बात कही।

# न्यायिक कर्मचारी संघ ने रैली निकाली, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**आंदोलन से न्यायालयों में न्यायिक कार्य प्रभावित**

कासं/अजमेर।

सामान्य संवर्ग केडर पुनर्गठन की मांग को लेकर राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेशस्तरीय आह्वान पर जिला शाखा की ओर से आयोजित आंदोलन गुरुवार को छठे दिन भी जारी रहा। कार्मिकों ने न्यायालय परिसर में रैली निकाली और संभागीय आयुक्त को मांगों का ज्ञापन दिया। वहीं दूसरी ओर सभी न्यायालयों में आज भी न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ एवं प्रकरणों में कॉमन तारीख दी गई। जिला अध्यक्ष शंकर सिंह के अनुसार राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ से जुड़े जिले के सभी न्यायालयों के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे। कार्मिकों ने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में रैली निकाली। जो संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंची और उनको सामान्य संवर्ग केडर पुनर्गठन के लिए उच्च न्यायालय की फुल बेंच की ओर से पारित प्रस्ताव के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की ओर से बरती जा रही उदासीनता की जानकारी दी। न्यायालय परिसर में आयोजित सभा को सचिव महेन्द्रसिंह राजपुरोहित, वासुदेव केवलरामानी, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश टाडा, सत्यनारायण पारीक एवं पूर्व सचिव के.पी.एस. तोमर ने सम्बोधित किया।

### जिला बार ने दिया समर्थन

उन्होंने बताया कि कार्मिकों के आंदोलन को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह रावत, पूर्व अध्यक्ष मोहन सिंह राठौड़ एवं चन्द्रभान सिंह राठौड़ ने सम्बोधित किया।


## बीएसएल लिमिटेड

**कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन):** L24302RJ1970PLC002266
**पंजीकृत कार्यालय:** पोस्ट बॉक्स नंबर 16–17, मंडपम, भीलवाड़ा–311 001 (राजस्थान)
**फोन:** +91-1482-245000, **ई–मेल:** accounts@bslsuitings.com, **वेबसाइट:** www.bslltd.com

### 54वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी

6 जुलाई, 2025 को जारी किए गए हमारे अखबार के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **बीएसएल लिमिटेड की 54वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') बृहस्पतिवार, 28 अगस्त, 2025 को 4:00 बजे अपराह्न (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम')** के माध्यम से एजीएम की सूचना में विदित व्यवसायों के सम्पादन हेतु सदस्यों की एजीएम स्थल पर भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी। एजीएम का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय पोस्ट बॉक्स नंबर 16–17, मंडपम, भीलवाड़ा–311 001 (राजस्थान) माना जाएगा।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के साथ पठित सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांकित 19 सितम्बर, 2024 एवं अन्य जारी प्रासंगिक परिपत्रों ('एमसीए परिपत्रों') तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर, 2024 एवं अन्य जारी प्रासंगिक परिपत्रों ('सेबी परिपत्रों') के अनुसार, 54वीं एजीएम की सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु वित्तीय विवरण शामिल हैं, साथ ही बोर्ड रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट एवं इसके साथ संलग्न किए जाने वाले अन्य दस्तावेज, 24 जुलाई, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कम्पनी के उन सदस्यों को भेज दिए गए हैं जिनके ईमेल पते कम्पनी/नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") (सामूहिक रूप से षडिपॉजिटरीजष के रूप में संदर्भित)/रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के साथ पंजीकृत हैं। कम्पनी ने सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, 24 जुलाई, 2025 को उन शेयरधारकों को एक पत्र भी भेजा है जिन्होंने कम्पनी के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, जिसमें वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना एवं वित्त वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट अभिगमन हेतु एक सीधा वेब लिंक/पथ और क्यूआर कोड प्रदान किया गया है। सूचना की भौतिक प्रति सहित संलग्न दस्तावेज उन सदस्यों को भेजे जाएँगे जिन्होंने इसके लिए अनुरोध किया हो।

54वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् **www.bslltd.com**, स्टॉक एक्सचेंजों, जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, अर्थात् बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** क्रमशः पर तथा कम्पनी द्वारा एजीएम में रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु नियुक्त नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** भी उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, सदस्य वित्तीय वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट सीधे निम्नलिखित लिंक एवं क्यूआर कोड पर देख सकते हैं:

**https://static1.squarespace.com/static/6206a24e38ca4200c0141c78/t/6881fac5b9fb7b4d1774d2cc/1753348829020/BSL+%28AR+2024-25%29_for+web.pdf**

**सदस्य आगे ध्यान दें कि:**

क) एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) का सम्पादन रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम ई–में वोटिंग सुविधा के माध्यम से किया जाएगा।

ख) सदस्यों के वोट करने का अधिकार, कट–ऑफ तिथि अर्थात् **बृहस्पतिवार, 21 अगस्त, 2025** के अनुसार, कम्पनी की प्रदत्त समता शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होगा। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि पर सदस्य/लाभार्थी के रूप में दर्ज हो, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा तथा जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि की सदस्य नहीं हो उसे यह सूचना जानकारी मात्र के उद्देश्य से ही व्यवहृत करनी चाहिए।

ग) कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर पुस्तकें एजीएम तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु अंतिम लाभांश की अदायगी, यदि एजीएम में घोषित किया जाता है, के उद्देश्य से **शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025 से बृहस्पतिवार, 28 अगस्त, 2025 (दोनों दिन सम्मिलित)** तक बंद रहेंगी।

घ) जिन सदस्यों के नाम बृहस्पतिवार, 21 अगस्त, 2025 अर्थात् रिकॉर्ड तिथि को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थियों की सूची में सम्मिलित हो, उन्हें वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु रुपये 10 प्रत्येक अंकित मूल्य के समता शेयर पर रुपये 0.80 प्रति समता शेयर के लाभांश, जैसा की मंडल द्वारा अनुशंसित है, की अदायगी, यदि कम्पनी की 54वीं एजीएम में घोषित किया जाता है, एजीएम की तिथि के 30 दिनों के अन्दर की जाएगी।

ङ) एजीएम की सूचना में, अन्य बातों के अतिरिक्त, रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग की प्रक्रिया एवं प्रणाली तथा एजीएम में भाग लेने हेतु निर्देश शामिल हैं।

च) रिमोट ई–वोटिंग की अवधि रविवार, 24 अगस्त, 2025 9:00 बजे पूर्वाह्न से आरम्भ होगी तथा बुधवार, 27 अगस्त, 2025 5:00 बजे अपराह्न समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

छ) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग इवेन्ट नम्बर (EVENT): 134486

ज) कोई भी व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण के पश्चात् शेयरों का अधिग्रहण करता एवं कम्पनी का सदस्य बनाता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात् **बृहस्पतिवार, 21 अगस्त, 2025**, के अनुसार शेयरों की प्रतिरक्षा करता है, वह **evoting@nsdl.com** पर ईमेल द्वारा, अपना डीमैट खाता संख्या/फोलियो संख्या, पैन, नाम तथा पंजीकृत पता के उल्लेख सहित, एक अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, जो सदस्य पहले से ही ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

झ) भौतिक रूप में, डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले या अपना ईमेल पता कम्पनी के साथ पंजीकृत नहीं करने वाले सदस्यों के लिए मतदान का तरीका एजीएम की सूचना में दिया गया है, जो कम्पनी की वेबसाइट **www.bslltd.com** पर भी उपलब्ध है।

ञ) ई–वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में सम्मिलित होने वाले सदस्य जिन्होंने पहले से अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) पर अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डाल सकते हैं। आगे, वे सदस्य जिन्होंने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला हो, वे एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से सम्मिलित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम में अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे।

ट) एजीएम में रिमोट ई–वोटिंग एवं मतदान प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच हेतु सीएस मनोज महेश्वरी (एफसीएस 3355), संव्यावसायिक कम्पनी सचिव, को संवीक्षक, एवं उनके विफल होने पर एफसीएस प्रियंका अग्रवाल (एफसीएस 11138), संव्यावसायिक कम्पनी सचिव, को वैकल्पिक संवीक्षक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

ठ) परिणाम की घोषणा बैठक के समापन के दो कार्य दिवस के अन्दर, कम्पनी की वेबसाइट (**www.bslltd.com**), एनएसडीएल की वेबसाइट (**www.evoting.nsdl.com**) पर प्रदर्शित कर तथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में फाइलिंग कर किए जाएंगे। यह कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। वोटों की अपेक्षित संख्या के अधीन, प्रस्तावों को एजीएम की तारीख अर्थात् 28 अगस्त, 2025 को पारित माना जाएगा।

जिन सदस्यों ने अपना ईमेल–आईडी एवं/अथवा बैंक विवरण पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके इसे पंजीकृत करें:

**भौतिक धारिता वाले शेयरधारक**

शेयरधारकों को अपना ईमेल पता/मोबाइल नंबर/बैंक खाता विवरण अवं अन्य विवरण अद्यतानित करने हेतु फॉर्म ISR-1, ISR-2 एवं अन्य फॉर्म भरना होगा, अगर उन्होंने अभी तक अद्यतन नहीं किया है, और इसे पूर्णतः भरकर **कम्पनी के आरटीए अर्थात् एम्सीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड (यूनिट: बीएसएल लिमिटेड), 179–180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110020, फोन नंबर 011–41406149–52 पर भेजना होगा।** उक्त फॉर्म को कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् **www.bslltd.com** से **Investors > Intimation to Shareholders Holding Shares in Physical Mode** शीर्षक के अंतर्गत डाउनलोड किया जा सकता है।

**डीमैट धारिता वाले शेयरधारक**

क) कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें और अपने ईमेल पते/मोबाइल नंबर/पैन/बैंक खाता विवरण को, यदि वे आपके डीमैट खाते में अभी तक अद्यतानित नहीं हुए हैं, तो अपने डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करें।

ख) यदि ईमेल पता/मोबाइल नंबर अद्यतानित है, परन्तु वर्तमान में आपने अपने डीमैट खाते में "ईमेल आरटीए डाउनलोड फ्लैग" को "नहीं" का विकल्प चुना है, तो आप अपने डीपी से ईमेल डाउनलोड फ्लैग "हाँ" करने हेतु संपर्क कर सकते हैं ताकि आप कम्पनी द्वारा ईमेल के माध्यम से भेजे गए विभिन्न संचार प्राप्त करने में सक्षम हो सकें। अथवा आप अपने डीपी से अपने डीमैट खाते में आवश्यक अद्यतन करने का आग्रह कर सकते हैं ताकि भविष्य में आप इलेक्ट्रॉनिक मोड में कम्पनी से वार्षिक रिपोर्ट/सूचना/विभिन्न संचार प्राप्त करने में सक्षम हो सकें।

सदस्य ध्यान दें कि आयकर अधिनियम, 1961, जैसा कि वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित किया गया है, के अधिदेशानुसार 1 अप्रैल, 2020 को या उसके पश्चात् किसी कम्पनी द्वारा भुगतान या वितरित लाभांश शेयरधारकों के हाथों में कर योग्य होगा। अतः कम्पनी को अन्तिम लाभांश, यदि कम्पनी के आगामी एजीएम में घोषित किया जाता है, बनाते समय स्रोत पर कर कटौती करने (टीडीएस) की आवश्यकता होगी। काटे जानेवाले टैक्स की दर, शेयरधारक की आवासीय स्थिति, श्रेणी के आधार पर अलग–अलग होगी तथा कम्पनी को संबंधित शेयरधारक द्वारा प्रदान की गई अपेक्षित घोषणाओं/दस्तावेजों के प्रावधान के अधीन होगा।

हमें उपयुक्त टीडीएस दर निर्धारित करने में सक्षम बनाने हेतु, सदस्यों से अनुरोध है कि वे 21 अगस्त, 2025 को या उससे पूर्व आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार दस्तावेज जमा करें। कृपया ध्यान दें कि कम्पनी ने अपने ईमेल संचार दिनांकित 8 जुलाई, 2025 एवं समाचार पत्र विज्ञापन के माध्यम से भी सदस्यों को आयकर अधिनियम, 1961 में इस परिवर्तन के साथ–साथ लागू कर दर का लाभ उठाने हेतु सदस्यों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रासंगिक प्रक्रिया के बारे में सूचित किया था।

**इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लाभांश का भुगतान:**

भौतिक फोलियो में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि सेबी ने रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंटों को जारी अपने मास्टर परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/37 दिनांकित 7 मई, 2024 एवं सेबी परिपत्र संख्या SEBI/ HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2023/181 दिनांकित 17 नवम्बर, 2023, यथा संशोधित, के माध्यम से यह अनिवार्य किया है कि 1 अप्रैल, 2024 से भौतिक मोड में शेयर धारण करनेवाले शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाएगा। भौतिक शेयर धारण करनेवाले अधिकृत शेयरधारकों को उक्त भुगतान तभी किया जाएगा जब वे अपना पैन, संपर्क विवरण (पिन एवं मोबाइल नंबर सहित डाक पता), बैंक खाता विवरण तथा अपने संबंधित भौतिक फोलियो के लिए नमूना हस्ताक्षर कम्पनी या आरटीए को प्रस्तुत कर देंगे। अधिक जानकारी के लिए कृपया लाभांश टीडीएस संचार से सम्बद्ध एजीएम की सूचना संदर्भित करें। इसकी प्रतियां कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् **www.bslltd.com** पर भी उपलब्ध हैं।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित कर सकते हैं अथवा 022 – 4886 7000 एवं 022 – 2499 7000 पर कॉल करें अथवा **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजें। रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग की सुविधा से संबंधित किसी भी शिकायत के मामले में, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 से निर्दिष्ट ईमेल आईडी **evoting@nsdl.com** पर संपर्क करें।

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दाखिल करने हेतु विशेष विंडो**

जिन निवेशकोंध्भौतिक शेयरधारकों ने भौतिक शेयरों के हस्तांतरण विलेख पुनः दाखिल करने की समय सीमा चूक दी है, उनके लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांकित 2 जुलाई, 2025 के माध्यम से 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की विशेष विंडो की घोषणा की है, जिससे शेयरधारकों को 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस किए गए/उपेक्षित हस्तांतरण दस्तावेजों को पुनः दाखिल करने की अनुमति मिल जाएगी। हस्तांतरण हेतु पुनः दाखिल की जाने वाली प्रतिभूतियाँ केवल डीमैट मोड में जारी की जाएँगी।

**मंडल के आदेशानुसार**
**कृते बीएसएल लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**शुभम जैन**
**कम्पनी सचिव**
**एसीएस - 49973**

**स्थान : भीलवाड़ा**
**दिनांक : 24 जुलाई, 2025**

DNA 361956